
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 10.01.2022 से 15.01.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## केंद्रीय रेल मन्त्री से मुलाकात

(दिनांक 10.01.22)



**विषय: केंद्रीय रेल मन्त्री से मुलाकात।**


**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी आज रेलवे से संबंधित हरियाणा के विभिन्न मुद्दों को लेकर दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से मिले और हरियाणा के रेलवे प्रोजेक्ट के संबंध में उनसे बातचीत की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर दस रेलवे स्टेशन बनाए जायँगे। और इन स्टेशनों के आस– पास औद्योगिक क्षेत्र कैसे विकसित हो इस पर भी विचार किया जाएगा।

इसके अलावा, हिसार एयरपोर्ट से दिल्ली एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी सुगम हो, इसके लिए दिल्ली से हिसार तक क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट प्रणाली (रिजॉर्ट रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) रेल मार्ग विकसित किए जाने का केंद्र को प्रस्ताव दिया गया है।

इसके साथ ही इस बैठक के दौरान हरियाणा की महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं की विभिन्न प्रक्रियाओं व कार्यों को गति देने की दिशा में गहन विचार–विमर्श किया गया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने बताया कि रोहतक की एलिवेटिड रेलवे लाइन के नीचे सड़क मार्ग विकसित किए जाने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति दी गई है। कैथल की एलिवेटिड रेलवे लाइन परियोजना के लिए भी डीपीआर बनाकर शीघ्र स्वीकृति रेल मंत्रालय द्वारा प्रदान कर दी जाएगी।

तथा पलवल–पृथला तक फ्रेट कॉरिडोर के शेष बचे हुए लिंक के निर्माण के लिए विभाग को जल्द से जल्द जमीन अधिग्रहण करने हेतु निर्देश दे दिए जाएंगे। इस लिंक के बनने से इस क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को बहुत लाभ होगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से मुलाकात

(दिनांक 10.01.22)



**विषय: केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी से उनके निवास स्थान पर भेंट की और पर्यावरण से जुड़े हरियाणा के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सीएनजी, पीएनजी ईंधन के इंडस्ट्री में इस्तेमाल को लेकर एक साल की छूट मिले यह प्रस्ताव माननीय मंत्री जी के समक्ष रखा गया है साथ ही नजफगढ़ ड्रेन से होने वाले जलभराव के समाधान को लेकर भी चर्चा की गई है कि इस पानी की निकासी के लिए नजफगढ़ ड्रेन की डिसिलटिंग का काम केन्द्र, हरियाणा व दिल्ली सरकार संयुक्त रूप से करें, ताकि बाद में उस पर बांध बनाया जा सके और इस क्षेत्र के लोगों को इस समस्या का स्थाई समाधान मिल सके।


## कौशल रोजगार निगम की बैठक

(दिनांक 11.01.22)



**विषय: कौशल रोजगार निगम की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम की समीक्षा बैठक ली जिसमें निगम के कार्यों और





उसमें आ रही दिक्कतों पर चर्चा की गई और उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए।
इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी विभाग अपने अपने विभागों से सबंधित खाली पदों का ब्यौरा जिन्हें ऑउट सोर्स के माध्यम से भरा जाना है हरियाणा कौशल रोजगार निगम को उपलब्ध करवा दे जिससे कि पोर्टल पर रजिस्टर होने वाले लोगो को विभागों का आवंटन किया जा सके। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने पोर्टल में रजिस्ट्रेशन संबंधित आ रही खामियों को भी जल्द से जल्द दूर कर इसे सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुराने सभी आउटसोर्स पर लगे कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन भी इस पोर्टल पर हो यह सुनिष्चित करने का भी निर्देश माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा विभाग के सभी अधिकारियों को दिया गया। विदित है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में ठेका प्रथा को बंद कर आउटसोर्स की भर्तियों में पारदर्शिता लाने और योग्यता को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम की शूरुवात की है जिसके तहत आउटसोर्सिंग से लगने वाले सभी कर्मचारी अब इसी पोर्टल के माध्यम से लागए जायँगे। इससे न केवल ठेकेदारी प्रथा में भ्रस्टाचार ख़त्म होगा बल्कि व्यवस्था में भी पारदर्शिता आएगी।

## स्टेट कम्युनिटी मैन्युअल की बैठक

(दिनांक 11.01.22)

**विषय: स्टेट कम्युनिटी मैन्युअल की बैठक।**


**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर इस संबंध में कार्य कर रही समिति की बैठक की जिसमें सफाई कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे, उनकी तन्खा बीमा, स्वास्थ आदि को लेकर चर्चा की गई। साथ ही हरियाणा में सफ़ाई कर्मचारियों द्वारा मेला ढोने की प्रथा को पूरी तरह से बंद करने और सभी सफाई कर्मचारियों को सफाई के आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए।

## विधयकों के साथ मुलाक़ात

(दिनांक 11.01.22)

**विषय: विधयकों के साथ मुलाक़ात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत हरियाणा के विभिन्न विधयकों के साथ चंडीगढ़ स्थित अपने निवास पर भेंट की और हलकों की समस्या और सरकार की चल रही योजनों के जमीनीस्तर पर कार्यान्वयन को लेकर चर्चा की और उसमें आ रही कठिनाइयों को दूर करने का अधिकारियों को निर्देश दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना की समीक्षा


(दिनांक 11.01.22)



**विषय: मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना (MMPSY) की समीक्षा की जिसमें उन्होंने इनकम वेरिफिकेशन के कार्य मे तेज़ी लाने ओर सभी सामाजिक सुरक्षा के पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल सके उसके लिए बैंकों के कार्यप्रणाली में तेज़ी लाने के निर्देश दिए। साथ ही परिवार पहचान पत्र से इस योजना को जोड़कर वहीं से पात्र व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करने के निर्देश भी दिए ताकि व्यक्तियों को सीधे लाभ पहुँचाया जा सके उन्हें इसके लिए अन्य किसी जगह आवेदन करने की आवश्यकता न पड़े।

इसके अतिरिक्त ज्यादा से ज्यादा लोग इस इस योजना से जुड़े और इसका लाभ ले सके उसके लिए इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## समर्पण पोर्टल की समीक्षा


(दिनांक 11.01.22)



**विषय: समर्पण पोर्टल की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने समाजिक सेवा को बढ़ाव देने के उद्देष्य से शुरू किए गए समपर्ण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की जिसमे रजिस्ट्रेशन के लिए बनाए गए पोर्टल की खामियों को दूर करने और ज्यादा से ज्यादा लोगो को इससे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जो लोग अपना रजिस्ट्रेशन कर चुके है उन्हें उनकी योग्यता और इच्छा के अनुरूप ही काम दिया न कि किसी भी विभाग और कार्य के साथ जोड़ दिया जाए।

साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जो भी व्यक्ति समाज सेवा के लिए आगे आता है और सरकार के साथ जुड़कर काम करना चाहता है वह इस पोर्टल के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर जुड़ सकता है। अभी तक लगभग 1300 व्यक्ति इस पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सरकार के साथ जुड़कर सामाजिक कार्यो में सहयोग करने के लिए अपनी इच्छाशक्ति दिखा चुके है और उन्हें कार्य भी दिए गए है। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि वह जल्द ही समर्पण योजना से जुड़े व्यक्तियों के साथ वर्चुअल संवाद भी करेंगे। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए लिंक– https://samarpan-haryana-gov-in/



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## भारत विकास परिषद हाँसी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ

(दिनांक 12.01.22)

**विषय: भारत विकास परिषद हाँसी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ।**


**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस पर भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने 2 महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि – प्रदेशभर के 52 नेशनल यूथ अवार्डी को खेल विभाग में रोजगार दिया जाएगा। साथ ही प्रदेशभर के 10 हजार से ज्यादा की आबादी के 125 गांव में कमल क्लब के नाम से युवाओं के क्लब का गठन किया जायेगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कमल क्लब का मकसद खेल और अन्य सामाजिक गतिविधियों से युवाओं को जोड़ना और युवाओं की क्षमता, बुद्धि व शक्ति को बढ़ाना है, ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सकें। युवाओं को समाज सेवा के कार्य जोड़ना आज बहुत ही आवष्यक है ताकि सामाजिक सेवा के प्रति संवेदनशील होने के साथ–साथ उनमें सेवाभाव भी जागृत हो। प्रदेश में 18 से 35 साल की आबादी लगभग 60 लाख है। इस युवा शक्ति का प्रयोग खेल, रोजगार, सरकारी व प्राइवेट सेवाओं, व्यवसाय के साथ–साथ सामाजिक सेवा में किया जाना चाहिए। युवाओं में असीम शक्ति और ऊर्जा होती है, जिसका प्रयोग देश की प्रगति में करना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को देश ही नहीं विदेशों में भी अवसर प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है। आज कॉलेज से डिग्री लेकर निकलने वाले युवाओं को मुफ्त में पासपोर्ट बनाया जा रहा है ताकि वे विदेश में जाकर अध्ययन व रोजगार कर सकें। सरकार युवाओं को नए–नए स्टार्टअप शुरू करने के लिए भी अवसर प्रदान कर रही है, ताकि उद्योगों को बढ़ावा मिल सके और नए–नए रोजगार पैदा हों। युवा शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा सरकार पूरी तरह दृढ़ संकल्पित है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया था कि उठो, जागो और तब तक नहीं रूको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। स्वामी विवेकानंद का असली नाम नरेंद्र था और आज भारत के प्रधानमंत्री भी श्री नरेंद्र मोदी हैं। दोनों ने समाज व देश की सेवा का संकल्प लिया। श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने से पहले एक सवाल के जवाब में कहा था कि उनका लक्ष्य नेताओं की छवि को सुधारना है। उन्होंने इस राह पर चलते हुए इस काम को करके दिखाया है। आने वाली पीढ़ियां उन्हें इस काम के लिए याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस लक्ष्य को साकार करने के लिए अनेक युवा आगे आ रहे हैं।

रक्तदान के लिए युवाओं को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रक्तदान से मन का रिश्ता जुड़ता है। रक्तदान सबसे



# साप्ताहिक सूचना पत्र

ज्यादा प्रेरणादायक है। यह जीवन तो बचाता ही है लेकिन रिश्ता भी जोड़ता है। रक्त देने वाले और लेने वाले का पहले ग्रुप मिलाया जाता है और फिर दोनों का खून का रिश्ता बन जाता है। मनुष्य का रक्त मनुष्य को ही दिया जा सकता है। रगों में जैसा खून होता है, वैसा भाव बनता है। रक्त का कोई विकल्प नहीं होता। इसलिए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए, इससे लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद 39 षाखाओं में 26 जनवरी तक लगातार रक्तदान शिविर आयोजित करेगी, जो एक सराहनीय कार्य है।

## जिला अध्यक्षों और महामंत्रियों के साथ बैठक

(दिनांक 12.01.22)

**विषय: जिला अध्यक्षों और महामंत्रियों के साथ बैठक।**



**प्रभाव:** आज मननीय मुख्यमंत्री जी ने BJP जिला अध्यक्षों से मुलाक़ात के अपने कार्यक्रम के तहत 5 जिलों अंबाला, कुरुक्षेत्र,करनाल, पानीपत और यमुनानगर के जिलाध्यक्षों और महामंत्रियो के साथ बैठक की जिसमें जिले में बन रहे कार्यालयों, परिवार पहचान पत्र के तहत चल रहे कार्यो, और मुख्यमंत्री अन्त्योदय उत्थान योजन के कार्यो की समीक्षा की। साथ ही सभी जिलाध्यक्षों से जिले की समस्याओं और जिलों में चल रहे विभिन्न सरकारी कार्यों और योजनाओं के किर्यान्वयन के संबंध में भी चर्चा की और इसमें आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए दिशानिर्देश दिए।


जैसा कि विदित है कोरोना की तीसरी लहर के चलते माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने सभी पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम स्थगित कर दिए है जिसके चलते माननीय मुख्यमंत्री जी सीमित संख्या में जिले के पार्टी पदाधिकारियें से मिलकर न केवल हरियाणा क्षेत्र के विकास के संबंध में लगातार कार्य कर रहे है बल्कि जमीनी स्तर पर आ रही दिक्कतों को जानकर तुरंत उनका समाधान भी कर रहे है ताकि कोरोना के दौरान भी प्रदेश में कार्यो और विकास की गति निरंतर बानी रहे।

## कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक

(दिनांक 12.01.22)

**विषय: कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक।**

**निर्णय:** आज मननीय मुख्यमंत्री जी ने कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक की और उसमें चल रहे कार्यो की समीक्षा की। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के स्वरूप और समाहरो को और भी भव्यरूप देने के लिए सामाजिक लोगो को इसके साथ जोड़ा जाएगा। और इसके लिए अलग से एक समिति का गठन भी किया जाएगा।
- कुरुक्षेत्र से लगते हुए 148 कोस के सभी महाभारत कालीन तीर्थस्थलों को विकसति किया जाएगा।
- CSR को भी अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती से जोड़ने के लिए योजना बनाई जायेगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गीता का संदेश सम्पूर्ण जगत के लिए है और गीता को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूर्णरूप से कार्य कर रही है। इसके लिए स्कूलों के पाठ्यक्रम में भी गीता के कुछ श्लोकों को समिल्लित किया जाएगा।


## अतिथि अध्यापकों से मुलाक़ात

(दिनांक 12.01.22)

**विषय: अतिथि अध्यापकों से मुलाक़ात।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कई दिनों से धरने पर बैठे अतिथि अध्यापकों से चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर मुलाक़ात की और उनकी समस्याओं को सुना। समस्त अतिथि अध्यापक संघ हरियाणा के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुलाकात के बाद कहा कि। मुलाकात बेहद सकारात्मक माहौल में हुई। इसके बाद अतिथि अध्यापकों ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि वे अपना सांकेतिक धरना स्थगित कर देंगे। बैठक में अतिथि अध्यापकों के सेवा नियमों को जारी करने के साथ–साथ शिक्षा व अन्य कार्यों के लिए साल में एक बार 10 हजार रुपये भत्ते के तौर पर दिए जाने की मांगों पर सहमति बनी। अतिथि अध्यापकों की मांग थी की उनसे जुड़े सेवा नियम जल्द से जल्द जारी किए जाएं। इसके अलावा उन्हें शिक्षा व अन्य कार्यों के लिए साल में एक बार 10 हजार रुपये भत्ते के तौर पर दिए जाएं। अतिथि अध्यापकों की 20 आकस्मिक अवकाश दिए जाने की भी मांग थी। इन सभी मांगों पर सरकार और अतिथि अध्यापकों के बीच सहमति बनी है। अतिथि अध्यापकों का कहना था कि बैठक बेहद सकारात्मक माहौल में हुई, मुख्यमंत्री ने उनकी सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना। इसके साथ ही अतिथि अध्यापकों ने अपना सांकेतिक धरना स्थगित करने का आश्वासन भी दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कोरोना के संबंध में प्रधानमंत्री जी की वीडियो कॉन्फ्रेंस

(दिनांक 13.01.22)




**विषय: कोरोना के संबंध में प्रधानमंत्री जी की वीडियो कॉन्फ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने कोरोना की तीसरी लहर के चलते और इसकी वर्तमान स्थिति के संबंध में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा कि। माननीय मुख्यमंत्री जी भी वर्चुअली इस बैठक में उपस्थित रहे।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कोरोना की लड़ाई के संबंध में परिश्रम ही एकमात्र रास्ता और विजय हमारा एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना से लड़ाई में दुनिया के सामने एक उदाहरण पेश किया है।और वेक्सीनेशन का जो लक्ष्य भारत ने हाँसिल किया है वो इस लड़ाई के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी ने कोविड–19 की रोकथाम में हरियाणा के प्रयासों को भी सराहा। वैक्सीनेशन में हरियाणा का औसत राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि केंद्र सरकार द्वारा कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को स्वास्थ्य संसाधन मजबूत करने के लिए भेजी गई राशि का सही उपयोग करने पर हरियाणा की तारीफ की गई। इसके अलावा, वैक्सीन लगाने के मामले में राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रतिशत वाले राज्यों में हरियाणा भी शुमार है। इसी प्रकार, 15–18 वर्ष के बीच के किशोरों को वैक्सीन लगाने के मामले में भी हरियाणा राज्य राष्ट्रीय औसत से आगे रहने वाले राज्यों में शामिल है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राजा मिहिरभोज गुरुकुल का शिलान्यास
(दिनांक 14.01.22)




**विषय: राजा मिहिरभोज गुरुकुल का शिलान्यास।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने यमुनानगर जाकर राजा मिहिरभोज जी के नाम पर बन रहे गुरुकुल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति या वर्ग के नही होते है बल्कि वो पूरे समाज और देश के होते है।

इसके साथ ही माननीय मुख्य जी जे कहा कि गुरुकुल शिक्षा हमें संस्कारवान बनाती है। मुख्यमंत्री जी ने सम्राट मिहिर भोज गुरूकुल विद्यापीठ को 1 करोड़ 51 लाख रुपये की ग्रांट भी दी साथ ही अपनी निजी कमाई जो उन्हें तन्खा के रूप में प्राप्त होती है उसमें से भी 2 लाख रुपये देने की घोषणा की साथ ही समाज के प्रबुद्ध जानो से भी सामाजिक कार्यो में योगदान देने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुकुल प्राचीन पद्घति है, जहां अपनी शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी गुरु को दक्षिणा देते हैं और गुरुकुलों में आज भी श्रद्घा का भाव कायम है। गुरुकुल शिक्षा के साथ सारा समाज व संसार जुड़ा है, जो हमें संस्कारवान बनाती है। हर समस्या का हल संस्कारों से है। मुख्यमंत्री जी ने लोगों का आह्वान



# साप्ताहिक सूचना पत्र

किया कि गलत कार्यों को रोकने के लिए भाईचारा कायम रखें तथा देश व समाज की रक्षा करें।
इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की जनता को मकर सक्रांति, बिहू और पोंगल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजा मिहिर भोज ने देश की संस्कृति की रक्षा के लिए महान कार्य किए। उनके नाम पर संस्कार युक्त शिक्षण संस्थाओं को खोलना एक विशेष महत्वपूर्ण कार्य है। यह संस्थाएं युवाओं को संस्कार बनाती है। हरियाणा सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नैतिक शिक्षा, ग्रंथों की शिक्षा व गीता श्लोको को प्रदेश के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने का काम किया है।

## आदिबद्री के विकास कार्यो की समीक्षा

(दिनांक 14.01.22)

**विषय: आदिबद्री के विकास कार्यो की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने यमुनानगर दौरे के दौरान आदिबद्री जाकर वहां चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आदिबद्री में एक डैम बनाया जाएगा जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। इस संबंध में जल्द ही हिमाचल के मुख्यमंत्री के साथ एक एमओयू भी होने वाला है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार प्रदेश के किसानों को पानी देने के लिए प्रयासरत है, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के चलते यमुनानगर के आदिबद्री में डैम बनाया जाएगा। आदिबद्रि में कई छोटी–छोटी नदियों का उद्गम स्थल है। इन नदियों के पानी को इकट्ठा करके ही एक डैम बनाने की योजना है जिस पर सरकार काम कर रही है।
इसके उपरांत मुख्यमंत्री जी ने सरस्वती उद्गम स्थल, रामपुर गेंदा व सोमनदी के स्थलों का दौरा भी किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार आदिबद्री क्षेत्र की प्राचीन धरोहर को संजोए रखने का कार्य कर रही है। यह परियोजना जल संरक्षण, सिंचाई, पेयजल के साथ–साथ पर्यटन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।